**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**शुक्रवार 30.05.2025** **समय 07.20**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए 19 करोड़ 76 लाख रुपए से अधिक की सात योजनाओं को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वित्तीय स्वीकृति दी।
- प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिये इस वर्ष पर्यावरण दिवस पर प्रदेशभर में जन–जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने नैनीताल जिले के भीमताल में लगभग सात करोड़ की लागत से बने बैडमिंटन हॉल और मल्टीपरपज हॉल का लोकार्पण किया।
- सड़क सुरक्षा को लेकर देहरादून में जिला स्तरीय जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**वित्तीय स्वीकृति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए 19 करोड़ 76 लाख रुपए से अधिक की सात योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति के तहत अल्मोड़ा के जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र में बहुउद्देशीय भवन का निर्माण, देहरादून स्थित कूर्माचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद के भवन निर्माण और अन्य कार्य तथा नैनीताल जिले के हल्द्वानी–काठगोदाम नगर निगम क्षेत्र में को–ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा। साथ ही चमोली जिले की मायापुर पेयजल योजना के अंतर्गत नलकूप निर्माण, पौड़ी गढ़वाल के कोट विकासखंड में मोटर मार्ग का सुदृढ़ीकरण और डामरीकरण, पिथौरागढ़ के धारचूला क्षेत्र में सड़क डामरीकरण और डीडीहाट क्षेत्र में सड़क पुनर्निर्माण व सुधारीकरण जैसे कार्यों के लिये भी वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

**प्लास्टिक प्रदूशण रोकथाम**

प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिये इस वर्ष पर्यावरण दिवस पर प्रदेशभर में जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। देहरादून में विश्व पर्यावरण दिवस की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने जनपदों के लिए कार्ययोजना तैयार करें और अभियानों में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान से हर जिले के प्रभावी व्यक्तियों, चिकित्सकों, वकीलों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संस्थाओं और एनजीओ को जोड़ा जाए।
मुख्य सचिव ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यभर में सफाई और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें ग्राम पंचायतों, शहरों, सड़कों और नदियों की सफाई शामिल होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से पर्यावरण दिवस पर नवाचारात्मक प्रयास करने पर भी बल दिया।

**संस्कृत संभाषण शिविर**

देहरादून स्थित उत्तराखंड सचिवालय परिसर में संस्कृत के संरक्षण और इसे जनभाषा के रूप में बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्कृत संभाषण शिविर की शुरुआत की गई। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैबिनेट मंत्रियों और मुख्य सचिव की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, संस्कृत भाषा और संस्कृति के संरक्षण व प्रोत्साहन के लिए लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के 13 जिलों में 13 संस्कृत ग्राम विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के माध्यम से वेद, दर्शन और उपनिषद जैसी भारतीय ज्ञान परंपराओं से आमजन को जोड़ने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही

हैं। सचिव संस्कृत शिक्षा दीपक कुमार गैरोला ने बताया कि इस शिविर के तहत 12 जून तक सचिवालय में संस्कृत संभाषण कक्षाएं चलाई जाएंगी, जिनमें अधिकारियों और कार्मिकों को संस्कृत बोलने का अभ्यास कराया जाएगा। इसके लिए सचिवालय प्रशासन विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

**आदर्श ग्राम योजना– बैठक**

राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कल देहरादून के विकास भवन सभागार में हरिपुर कलां सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने ग्राम पंचायत हरिपुर कलां को विभागीय योजनाओं से शत–प्रतिशत आच्छादित कर एक आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने पर बल दिया।

सांसद ने स्वास्थ्य विभाग को हरिपुर कलां में वैलनेस सेंटर शुरू करने और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग को स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी राजकीय इंटर कॉलेज में खेल मैदान का समतलीकरण, चारदीवारी निर्माण, प्रार्थना सभा स्थल पर टिन शेड लगाने और विद्यालय में रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने निर्देश दिए कि ग्रामीणों को जनधन खाते, पीएम जीवन ज्योति बीमा, पीएम जीवन सुरक्षा बीमा से जोड़ा जाए। एनआरएलएम और सहकारिता सोसाइटियों को ऋण वितरण के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने की योजनाएं बनाई जाएं।

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि हरिपुर कलां में सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत 68 कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 59 पूर्ण कर लिये गये हैं जबकि 2 प्रगति पर हैं। साथ ही 7 कार्य बजट के अभाव में लंबित हैं, जिन्हें इस वर्ष पूरा किया जाएगा।

**पंजीकरण आमंत्रण**

प्रसार भारती–प्रसारण और प्रसार के लिए साझा ऑडियो–विजुअल, पीबी शब्द ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो संपादकों को निःशुल्क सेवाओं के लिए पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। पीबी शब्द कॉपीराइट–मुक्त, प्रामाणिक और उपयोग में सुरक्षित सामग्री के लिए एक उत्कृष्ट स्रोत है। शब्द के पास एक हजार पांच सौ से अधिक रिपोर्टर, संवाददाता और स्ट्रिंगर्स का एक मजबूत नेटवर्क है।

**लोकार्पण**

खेल मंत्री रेखा आर्या ने नैनीताल जिले के भीमताल में लगभग सात करोड़ की लागत से बने बैडमिंटन हॉल और मल्टीपरपज हॉल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि इन सुविधाओं से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे और देवभूमि को खेल भूमि के रूप में पहचान मिलेगी। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक एक हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक की खेल परिसंपत्तियां विकसित हो चुकी हैं और स्टेडियम, मिनी स्टेडियम व मल्टीपरपज हॉल का निर्माण लगातार जारी है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि हल्द्वानी में आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया जाएगा।

## जन जागरूकता कार्यक्रम

परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को लेकर देहरादून के परेड मैदान स्थित दून लाइब्रेरी में जिला स्तरीय जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने की। कार्यक्रम के अंतर्गत शहर में जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस दौरान सड़क सुरक्षा में सहयोग के लिए विभाग ने तीन नागरिकों को सम्मानित किया। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी सड़कों और तेज यातायात के बीच लोगों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग और नशे में वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही लोगों से संवेदनशील होकर दुर्घटना से प्रभावित होने वालों की सहायता करने की अपील भी की।

कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें दुपहिया, ई–ऑटो, ड्राइविंग स्कूल के वाहन और प्रदूषण जांच प्रयोगशालाएं शामिल रहीं। रैली घंटाघर से शुरू होकर एस्ले हॉल, दर्शन लाल चौक, बुद्धा चौक होते हुए परेड ग्राउंड तक पहुंची।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। भारत में हिंदी पत्रकारिता की शुरूआत आज ही के दिन साल 1826 में हुई थी, जब हिंदी का पहला अखबार ''उदन्त मार्तण्ड'' प्रकाशित हुआ था, जिसके संपादक जुगल किशोर शुक्ला थे।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सभी मीडिया प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने न केवल स्वतंत्रता संग्राम की चेतना जगाई, बल्कि आज भी लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक सजग प्रहरी की भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का क्षेत्र आज डिजिटल माध्यमों से और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य में पत्रकार अनेक विषम परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा से सूचना संप्रेषण का काम कर रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि हिन्दी पत्रकारिता समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनती रहेगी और भावी पीढ़ी को संवेदनशील तथा जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहयोग करती रहेगी।

वहीं अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता देश की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हिन्दी पत्र–पत्रिकाओं ने समाज में जन जागरूकता के प्रसार में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––**

मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से जुड़ी महिलाएं होंगी सौर सखी, अमर उजाला का शीर्षक है। सामचार पत्र लिखता है– सौर ऊर्जा प्लांटों के रख–रखाव के लिये हर ज़िले में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उपनल कर्मियों के नियमितीकरण को विशेषज्ञ कमेटी बनेगी। मुख्यमंत्री के इस बयान को प्रमुखता के साथ लिखते हुए हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– मुख्यमंत्री ने उपनल कर्मचारियों को नियमितीकरण के प्रति आश्वस्त किया, कहा– सरकार स्टेट बाई स्टेप आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने की प्रदेश में विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत। इस शीर्षक के साथ अमर उजाला मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है– अभियान का लाभ उठाएं किसान, बारह जून तक गांव–गांव जाएंगे कृषि वैज्ञानिक व अधिकारी।

एक अन्य ख़बर पर दैनिक जागरण लिखता है– बैंकों में नकली सोना गिरवी रखकर लोन लेने वाले गिरोह का भंडाफोड़। समाचार पत्र के अनुसार– आरोपित अल्मोड़ा और बागेश्वर जिले के हैं, जो दिल्ली में नकली सोना कम दाम पर खरीदते थे और हॉलमार्क लगाकर बैंक में रखकर गोल्ड लोन लेते थे।